हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## सूख चुकी नहरों के लिए छोड़ा पानी, किसानों के साथ ग्रामीणों को भी मिली बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*रायपुर और अभनपुर ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत मुजगहन, सेजबहार, दतरेंगा, डोमा, बनरसी, छछानपैरी, सलोनी, सिंगारभाठा, दुसेरा, सिवनी, खिलौड़ा सहित कई ग्रामों से गुजरी नहर फरवरी में ही सूख गई थी, जिसके कारण इन क्षेत्रों के किसानों के साथ ग्रामीणों के सामने पानी बड़ी समस्या बन गई थी। इस क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों की मांग पर पानी की समस्या को लेकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु ने नहर में पानी छोड़ने के* ▶▶| शेष पेज 14 पर

खबर का असर



### गर्मी आते ही इन ग्रामों में तेजी से गिरा भू-जल स्तर

गर्मी का सीजन शुरू हुए कुछ हफ्ते ही हुए हैं, लेकिन रायपुर और अभनपुर ब्लॉक क्षेत्र के कई ग्रामों में भू-जल स्तर में अभी से तेजी से गिरावट आनी शुरू हो गई है। मुजगहन, सेजबहार, दतरेंगा, डोमा, बनरसी, छछानपैरी, सलोनी, सिंगारभाठा, दुसेरा, सिवनी, खिलौड़ा सहित कई ग्रामों में भी भू-जल स्तर काफी नीचे चला गया है, जिसके कारण बोरवेल भी अब सूखने लगे हैं। भू-जल स्तर में गिरावट आने के साथ इन ग्रामों से गुजरी मुख्य नहरें भी पूरी तरह से सूख चुकी थीं। इसके कारण इन ग्रामों में विविध प्रकार की फसलों का उत्पादन करने वाले किसानों की परेशानी जहां बढ़ गई थी, वहीं ग्रामों में पानी की समस्या भी होने लगी थी।

### कलेक्टर को सौपा गया था ज्ञापन



नहर के सूखने से पानी की समस्या को लेकर इन ग्रामों के किसान और ग्रामीण लगातार नहर में पानी छोड़ने की मांग ब्लॉक स्तर के विभागीय अधिकारियों से कर रहे थे, लेकिन उनकी मांग पूरी नहीं की जा रही थी। लोगों ने अपनी समस्या को लेकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष के समक्ष भी जाहिर की थी। किसानों और ग्रामीणों की समस्या और मांग को लेकर संदीप यदु ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द नहरों में पानी छोड़ने की मांग की थी। हरिभूमि ने किसान और ग्रामीणों की मांग को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित की। इस खबर के ▶▶| शेष पेज 14 पर

## खबर संक्षेप

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच

**रायपुर।** यातायात पुलिस रात के समय में जांच अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में शनिवार को पचपेड़ीनाका ओवरब्रिज के पास पुलिस ने दोपहिया, कार सहित भारी वाहनों को रोककर चालकों की जांच की। सूत्रों से पता चला है कि इस जांच के दौरान कुछ वाहन चालक नशे में वाहन चलाते पकड़े गए, जिनके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

### तीन त्योहारों पर मांस-मटन की बिक्री प्रतिबंधित

**रायपुर।** आगामी प्रमुख धार्मिक पर्वों को देखते हुए नगर निगम ने मांस-मटन की दुकानों को अस्थायी रूप से बंद रखने का आदेश जारी किया है। निगम प्रशासन के निर्देश के अनुसार, शहर में तीन अलग-अलग तिथियों पर मांस और मटन की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक, 20 मार्च चेट्रीचंड्र, 27 मार्च रामनवमी और 31 मार्च को महावीर जयंती पर निगम क्षेत्र में संचालित सभी मांस-मटन की दुकानें बंद रखी जाएंगी।

### जीई रोड की मुख्य सड़क किनारे नगर निगम ने बना रखा है पार्किंग स्थल

## जनता के पैसे से सड़क सरकार ने बनाई, बोर्ड लगाकर नगर निगम वसूल रहा पार्किंग शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी के जीई रोड स्थित तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव की सड़क किनारे लोगों के आने -जाने की जगह को नगर निगम ने पार्किंग स्थल बना रखा है। रोज सुबह से देर शाम तक यहां नगर निगम के कर्मचारी मरीन ड्राइव किनारे वाली सड़क पर गाड़ियां खड़ी करने पर दोपहिया से 10 रुपए और चारपहिया वालों से 20 रुपए पार्किंग शुल्क वसूल रहे हैं, जबकि मुख्य मार्ग की यह सड़क लोक निर्माण विभाग की है, सड़क पर पार्किंग बनाना नियम विपरीत है। अधिवक्ता भगवानू नायक का कहना है जीई रोड के मुख्य मार्ग की सड़क किनारे नगर निगम पार्किंग ▶▶| शेष पेज 14 पर





### दिनभर में कट रहीं 70 से अधिक रसीद

तेलीबांधा तालाब मुख्य मार्ग वाली सड़क पार्किंग के लिए नोटिफाइड नहीं होने के बाद भी नगर निगम ने यहां पार्किंग स्थल का बोर्ड लगाकर पार्किंग शुल्क वसूली कर रही है। 4 घंटे लिए चार पहिया वाहन चालक से 20 रुपए पार्किंग शुल्क और दोपहिया वाहन पार्क करने पर 10 रुपए ▶▶| शेष पेज 14 पर

### दोपहर 3 से रात 9 बजे तक पार्किंग शुल्क वसूली

नगर निगम मुख्यालय के बाजार विभाग के कर्मचारी और जोन 3 के कर्मचारियों की डयूटी दोपहर 3 बजे से रात्रि 9 बजे तक तेलीबांधा तालाब मुख्य मार्ग के सड़क किनारे पार्किंग स्थल पर लगाई गई है। इसके लिए निगम आयुक्त विश्वदीप द्वारा पूर्व में आदेश जारी किया जा चुका है। निगम का दावा है कि यहां ▶▶| शेष पेज 14 पर

### पहले भी हो चुका है प्रयोग, विरोध के बाद निर्णय वापस लिया था

कांग्रेस शासन काल में तत्कालीन महापौर एजाज ढेबर ने फरवरी 2021 में तेलीबांधा तालाब के मुख्य मार्ग के सड़क किनारे पार्किंग शुल्क लागू किया था। इसके लिए बकायदा निगम कर्मचारियों को नियुक्त किया गया। नगरनिगम के इस फैसले का फुटपाथ पर पैदल चलने वालों और विपक्ष की भाजपा ने जमकर विरोध किया। जनता के भारी विरोध के बाद तत्कालीन महापौर को अपना निर्णय वापस लेना पड़ा था। हैरानी की बात ये है कि जिस सड़क ▶▶| शेष पेज 14 पर

### नेता प्रतिपक्ष ने किया विरोध, जन विरोधी फैसला

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने तेलीबांधा मुख्य मार्ग की सड़क किनारे आने-जाने की जगह को पार्किंग स्थल बनाने का जोरदार विरोध किया है। श्री तिवारी ने कहा है ट्रिपल इंजन की सरकार मनमानी पर उतर आई है। तेलीबांधा की सड़क पर पार्किंग स्थल नियम विपरीत है, इसे तत्काल हटाया जाए। महापौर और निगम आयुक्त यदि इस पर जल्द निर्णय नहीं लिए तो वे लोगों के साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। सड़क पर पार्किंग का ▶▶| शेष पेज 14

## फर्जी चालान जमा कर इनपुट क्रेडिट टैक्स लाभ, कारोबारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) की रायपुर क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों ने कबीर नगर में रहने वाले कारोबारी अमन सिंह को फर्जी चालान जारी करने और इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की धोखाधड़ी कर हस्तांतरण करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। कारोबारी के खिलाफ फर्जी तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट चोरी कर 12.5 करोड़ रुपए राजस्व का नुकसान पहुंचाने का आरोप है। डीजीजीआई द्वारा की गई जांच में पता चला कि अमन सिंह मेसर्स ▶▶| शेष पेज 14 पर

## दूसरे के एयर टिकट में फर्जी आधार लगाकर हवाई सफर, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



दूसरे के एयर टिकट में फर्जी आधार कार्ड लगाकर इंदौर जाने की फिराक में एक व्यक्ति को माना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी जिस व्यक्ति का एयर टिकट है, उस व्यक्ति के आधार कार्ड की फोटो हटाकर अपना फोटो चस्पा कर हवाई यात्रा करने की कोशिश कर रहा था। जांच के दौरान सीआईएसएफ के जवानों ने आरोपी से फोटो कॉपी की जगह ओरिजनल आधार कार्ड दिखाने के लिए कहा, तो वह मौके ▶▶| शेष पेज 14 पर




# डिप्टी सीएम शर्मा विस सत्र छोड़कर बिहार में राज्यसभा चुनाव के लिए डटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा को भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने बिहार में राज्यसभा चुनाव के लिए बड़ी जिम्मेदारी दी है। उनको केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन मल्होत्रा के साथ वहां का पर्यवेक्षक बनाया गया है।

ऐसे में जबकि इस समय छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है, विजय शर्मा को सत्र बीच में छोड़कर बिहार जाना पड़ा है। वे वहां पर लगातार 11 मार्च से डटे हुए हैं। वे वहां पर 16 मार्च को होने वाले मतदान और परिणाम तक रहेंगे। राज्यसभा सदस्यों के लिए होने वाले चुनाव में बिहार में भी मतदान होना तय है। ऐसे में जिन भी राज्यों में भी मतदान की स्थिति बनी है, वहां के लिए भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने पर्यवेक्षक बनाकर भेजे हैं। बिहार के लिए जिनको पर्यवेक्षक बनाया गया है, उनमें प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा भी शामिल हैं। उन पर भरोसा जताते हुए राष्ट्रीय संगठन ने उनको बड़ा जिम्मा दिया है।



- भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने बनाया है पर्यवेक्षक, लगातार चल रहा बैठकों का दौर
- बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन भी हैं राज्यसभा चुनाव में प्रत्याशी

## लगातार चल रहा है बैठकों का दौर

विजय शर्मा बिहार में राज्यसभा चुनाव के लिए यहां से 11 मार्च को बिहार गए हैं। वे वहां पर लगातार एनडीए के विधायकों के साथ बैठकें कर रहे हैं। एनडीए के उम्मीदवारों को जीत दिलाने के लिए लगातार रणनीति बनाई जा रही है। जिस तरह के निर्देश राष्ट्रीय संगठन से मिल रहे हैं, उनके हिसाब के काम हो रहा है। श्री शर्मा 16 मार्च को होने वाले मतदान तक बिहार में ही रहेंगे। बिहार से एनडीए ने वहां के जेडीयू के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी राज्यसभा सदस्य के लिए प्रत्याशी बनाया है। इसी के साथ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, राष्ट्रीय लोक समता मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा, भाजपा के शिवेश कुमार और जेडीयू के रामनाथ ठाकुर प्रत्याशी हैं।

## खबर संक्षेप



### राज्यसभा सांसद फूलो देवी को जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण ने दी बधाई

रायपुर। राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता फूलो देवी नेताम को छत्तीसगढ़ से पुनः निर्विरोध निर्वाचित होने पर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, धरसींवा के पूर्व विधायक अनीता शर्मा, पूर्व जनपद सदस्य नीतू साहू एवं समस्त पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के नेताओं ने उनसे मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### छत्तीसगढ़ महतारी अलंकरण सम्मान समारोह आज

रायपुर। सामाजिक संस्था नवसृजन मंच छत्तीसगढ़ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 15 मार्च को "छत्तीसगढ़ महतारी अलंकरण सम्मान" समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में शाम 5 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम का आयोजन पारंपरिक छत्तीसगढ़ी स्वरूप में किया जाएगा, जिसमें सम्मानित महिलाओं को रुपए, माला (छत्तीसगढ़ की पारंपरिक सिक्कों की माला), स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 महिला स्वसहायता समूहों को भी महतारी गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस सम्मान के लिए बस्तर, जशपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, अंबिकापुर, महासमुंद ,धमतरी, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, कबीरधाम एवं अन्य जिलों सहित राजधानी रायपुर से आवेदन प्राप्त हुए हैं। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा एवं कार्यकारी अध्यक्ष देवाशीष मुखर्जी ने बताया कि कार्यक्रम को अंतिम रूप देने में नवसृजन मंच के कांतिलाल जैन, किशोर महानंद, विनय शर्मा, डॉ. यूलेंद्र राजपूत, राजेश साहू, नरेश नामदेव, मनोज जैन एवं डॉ. तृष्णा साहू सहित अन्य प्रमुखजन सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

# ये कैसी नीलामी, खनिज विभाग से अनुबंध पर पर्यावरण विभाग नहीं दे रहा एनओसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

रेत का अवैध कारोबार पर लगाम कसने एवं आम लोगों को सही कीमत पर रेत मिल सके, इसके लिए जिला प्रशासन ने जिले में रेत की खदानें बढ़ाते हुए नवंबर-दिसंबर में सात नई खदानें घोषित कर इन खदानों में रेत उत्खनन के लिए नीलामी कराई। इस नीलामी के बाद लोगों एवं संस्था को इन खदानों का ठेका भी मिल गया है, लेकिन इसके बाद भी इन खदानों में अब तक रेत उत्खनन का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इसका कारण पर्यावरण विभाग है।

इन खदानों के ठेकेदारों ने एनओसी लेने के लिए जो आवेदन किए हैं, उसकी फाइलें पिछले लगभग चार महीने से डंप पड़ी हुई हैं। यह एनओसी आखिर क्यों नहीं मिल पा रही है, इसकी जानकारी पर्यावरण विभाग के अधिकारी भी नहीं दे रहे हैं। इधर एनओसी नहीं मिलने के कारण संबंधित खदानों के ठेकेदारों की चिंता बढ़ी हुई है, क्योंकि गर्मी का सीजन जारी है। इसके बाद जून से बारिश का सीजन शुरू हो जाएगा, जिससे 10 अक्टूबर तक खदानों में उत्खनन पर प्रतिबंध लग जाएगा।

## ठेकेदार परेशान



### जांच करने तक नहीं पहुंचे पर्यावरण विभाग के अफसर

विभागीय सूत्रों से पता चला है कि खनिज विभाग में खदानों की नीलामी की प्रक्रिया होने के बाद विभाग और खदान ठेकेदारों के बीच अनुबंध होता है। इस अनुबंध के तहत ठेकेदार दस्तावेजों के साथ पर्यावरण विभाग में एनओसी लेने के लिए आवेदन करता है। इस आवेदन पर एनओसी देने से पहले पर्यावरण विभाग द्वारा खदानों का निरीक्षण किया जाता है। इस निरीक्षण में विभाग के अधिकारी जांच करते हैं कि खदानों में उत्खनन होने तथा भारी गाड़ियों के आवागमन से पर्यावरण और गांव को कितना नुकसान हो सकता है तथा इस नुकसान से बचाने एवं भरपाई के लिए खदान के आसपास एवं गांव में पेड़-पौधे लगाने से लेकर अन्य क्या-क्या कार्य ठेकेदारों को करना है, इसकी पूरी रिपोर्ट तैयार की जाती है। इस रिपोर्ट के आधार पर ठेकेदारों से शपथ-पत्र के साथ उनकी सहमति ली जाती है। इसके बाद ही एनओसी जारी किया जाता है। सूत्रों से पता चला है कि ठेकेदारों के आवेदन किए जाने के बाद अब तक विभाग के अधिकारी खदानों का निरीक्षण करने तक नहीं पहुंचे हैं। इसके कारण आवेदनों की फाइलें भी विभाग में डंप कर दी गई हैं।

### बारीक रेत की घट नहीं रही कीमत

जिले की ज्यादातर खदानों से मीडियम रेत ही निकल रही है। बारीक रेत कुछेक खदान से ही निकल रही है। इसके कारण बारीक रेत की कीमत भी जिले में घट नहीं रही है। ट्रेडर्स संचालकों से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में बारीक रेत हाईवा में 20 रुपए फीट है, वहीं चिल्हर में 25 रुपए फीट तक यह बिक रही है। मीडियम रेत भी हाईवा में 15 से 16 रुपए फीट है, वहीं चिल्हर में 18 से 20 रुपए फीट की दर से बिक रही है।

### 8 खदानों में ही वैध उत्खनन

जिले में नवंबर-दिसंबर 2025 में नई 7 खदानों की नीलामी हुई। इससे पूर्व 13 खदानों की नीलामी हुई थी, जिसमें से 5 खदानों को करीब एक साल तक पर्यावरण विभाग से एनओसी ही नहीं मिल पाया था। ये 5 खदानों का अनुबंध भी खत्म हो गया है। इस तरह अब सिर्फ 8 खदानों में वैध रूप से रेत का उत्खनन किया जा रहा है।

# भाजपा ने लिया बंगाल विजय का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पश्चिम बंगाल जनसभा का लाइव टेलिकास्ट सुना गया। भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर के ऑडिटोरियम में इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता और बंगाली समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे। भाजपा ने इस अवसर पर बंगाल विजय का संकल्प लिया।

भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बेनर्जी की तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा कार्यकर्ता चुनावी रण में उतर चुके हैं। पश्चिम बंगाल में इस बार कमल खिलेगा और पूर्ण बहुमत से वहां पर भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कार्यक्रम में आए बंगाली समाज के प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए उन्हें भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। रायपुर महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने ममता बेनर्जी की अराजक सरकार को उखाड़ फेंकने एवं भाजपा की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं एवं बांग्ला समुदाय के अपील करते हुए कहा, पश्चिम बंगाल में एक अराजक सरकार है जो लगातार बंगाल के विकास में बाधा बन कर खड़ी हुई है। लेकिन अब जनता समझ चुकी है और वह पश्चिम बंगाल में विकास चाहती है। उन्होंने कहा, भाजपा कार्यकर्ता एवं बंगाल का जनमानस तानाशाह ममता सरकार की जल्द विदाई करने वाला है। कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक केदार गुप्ता ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा का लाइव प्रसारण देशभर में देखा गया। इसमें बड़ी संख्या में बंगाली समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए ताकि वे अपने परिजनों और परिचितों से संपर्क कर भाजपा के समर्थन में मतदान के लिए प्रेरित कर सकें।

# नगर निगम का राजस्व महकमा 100 बड़े डिफाल्टरों के नाम करेगा सार्वजनिक

**बकाया टैक्स जमा नहीं करने पर नाम और विवरण होंगे उजागर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

रायपुर नगर निगम का राजस्व विभाग शहर के 100 बड़े बकायादारों की सूची सार्वजनिक करने की तैयारी में है। यदि इन बड़े बकायादारों ने तत्काल अपना बकाया कर जमा नहीं किया, तो निगम प्रशासन उनके नाम व विरण उजागर करने के साथ ही कुर्की और सीलबंदी की कार्रवाई शुरू करेगा। इसके लिए जोन स्तर पर तैयारी की जा रही है। नगर निगम के दस जोन से प्रत्येक के दस सबसे बड़े बकायादारों को चिन्हित किया गया है। राजस्व विभाग के अफसरों के मुताबिक संबंधित बड़े बकायादारों को चेतावनी दी गई है कि वे तत्काल अपना संपूर्ण बकाया कर का भुगतान करें। भुगतान न होने की स्थिति संबंधित संपत्तियों को सील करने और राजस्व नियमों के तहत कुर्की की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।




**अवकाश के दिन भी खुले रहेंगे दफ्तर**
करदाताओं की सुविधा के लिए नगर निगम रायपुर ने विशेष व्यवस्था की है। 31 मार्च 2026 की अंतिम तिथि तक नगर निगम के सभी 10 जोन कार्यालय शनिवार और रविवार के शासकीय अवकाश के दिनों में सामान्य कार्य दिवसों की तरह खुले रहेंगे।

### शनिदेव मंदिर कोटा में ज्योति कलश का पंजीयन शुरू

रायपुर। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर कोटा स्थित शनिदेव मंदिर में नवग्रह शांति मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। मंदिर के पुजारी पं. विकास शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि चैत्र नवरात्रि गुरुवार से मंदिर में नवग्रह शांति मनोकामना ज्योति कलश जलाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए ज्योति कलश का पंजीयन शनिदेव मंदिर, मेनरोड कोटा (मारुति लाइफस्टाइल के सामने) में प्रारंभ कर दिया गया है।

### प्रशांत बने छग राजस्व निरीक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष


रायपुर। टेमरी स्थित भक्त माता कर्मा भवन में शनिवार को छत्तीसगढ़ राजस्व निरीक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष का चुनाव हुआ। प्रदेशभर के राजस्व निरीक्षकों की उपस्थिति में हुए इस चुनाव में प्रशांत कुमार दुबे को सर्वसम्मति से निर्विरोध प्रांताध्यक्ष चुना गया। यह चुनाव निर्वाचन अधिकारी मूलचंद वर्मा और सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख नरेंद्र वर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रदेशभर से आए राजस्व निरीक्षकों ने प्रशांत दुबे पर भरोसा जताते हुए उन्हें संगठन की कमान सौंपी। इस चुनाव में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में राजस्व निरीक्षकों ने भाग लिया और नए नेतृत्व के प्रति विश्वास व्यक्त किया। वहीं सभास्थल पर दुर्ग जिले से पवन चंद्राकर, हीरेंद्र क्षत्रिय, सत्येंद्र कन्नौज, कैलाश साहू, राकेश वर्मा और विनय कुमार शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने भी विशेष सहयोग प्रदान किया।



### होम्योपैथिक शिविर में ग्रामीणों ने कराया इलाज



रायपुर। रायपुर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल द्वारा पवनी ग्राम में शनिवार को निशुल्क होम्योपैथिक शिविर आयोजित किया गया। इसमें बच्चे संबंधी रोग, स्त्री संबंधी रोग, वात रोग, बवासीर एवं विभिन्न पुरानी बीमारियों का इलाज किया गया। यहां पर ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी रोगों के बारे में जानकारी दी गई। इस शिविर में रायपुर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिलीप मुकुंद पिंपले, उप-प्राचार्य डॉक्टर निर्मल भोई, डॉ. योगेश श्रीवास्तव, मेडिकल ऑफिसर एवं शिविर प्रभारी केवल पटेल, इंटेनिंग एवीएन सुबोध चौहान बीएचएमएस ने तीसरे साल सेवाएं दीं।






## निधन

### दिनेश रामरख्यानी



**रायपुर।** जनता क्वार्टर महावीर नगर निवासी दिनेश रामरख्यानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 मार्च को सुबह 11 बजे देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे महेश, विकास, रवि, जयेश, सुनील, अनिल, विक्की, विशाल रामरख्यानी के भाई थे।

### चेतन दास भंभानी



**रायपुर।** महावीर नगर रामकृष्ण विहार निवासी चेतन दास भंभानी का 14 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 15 मार्च को 4.30 बजे निवास स्थान से तेलीबंधा मुक्तिधाम जाएगी। वे संतोष, मनोहर व राजू भंभानी के पिता थे।

# एयर टिकट बुक करने में जेब होगी ढीली, इंडिगो ने लगाया घरेलू उड़ान पर 425 रुपए फ्यूल चार्ज

## अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर देने होंगे 23 सौ तक, अन्य कंपनियां बढ़ा चुकीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बढ़ते तनाव और युद्ध की स्थितियों की वजह से इंडिगो अब अपने यात्रियों से फ्यूल चार्ज वसूल रहा है। शनिवार से लागू इस नियम के बाद घरेलू उड़ान का लाभ लेने वाले यात्रियों को प्रति सेक्टर 425 रुपए अतिरिक्त शुल्क देना होगा। अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए यह राशि 2300 रुपए तक है। इंडिगो के अलावा अन्य विमानन कंपनियों ने भी फ्यूल चार्ज का सिस्टम लागू किया है।

सूत्रों के मुताबिक पहली बार ऐसा हुआ है, जब एयरलाइंस कंपनियां यात्रियों से सीधे फ्यूल चार्ज वसूल रही हैं। एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस इसे पहले लागू कर चुकी है। देश में सर्वाधिक डोमेस्टिक फ्लाइट का संचालन करने वाली इंडिगो एयरलाइंस का फ्यूल चार्ज 14 मार्च से लागू किया गया है। इंडिगो द्वारा जारी सर्कुलर में बताया गया है कि मध्य-पूर्व में चल रहे भू-राजनीतिक मुद्दों के बाद फ्यूल की कीमतों में हुई भारी बढ़ोतरी के कारण यह कदम उठाया गया है। एविएशन टर्बाइन फ्यूल एयरलाइंस की ऑपरेटिंग लागत का एक बड़ा हिस्सा होता है। इस अचानक और भारी बढ़ोतरी का विमानन कंपनियों की लागत और नेटवर्क पर काफी असर पड़ेगा। इसे ध्यान में रखते हुए एयरलाइंस कंपनियों द्वारा घरेलू से लेकर इंटरनेशनल उड़ान पर फ्यूल चार्ज लगाया गया है। तय किए गए शुल्क के मुताबिक भारत के भीतर संचालित होने वाले विमानों के टिकट में 425 रुपए और इंटरनेशनल उड़ानों में 18 सौ से 23 सौ रुपए शुल्क देना होगा।

**तीन महीने में तीन बार बढ़ोतरी :** सूत्रों के अनुसार पिछले तीन महीने में तीन बार टरबाइन फ्यूल की कीमतों में इजाफा हुआ है। जनवरी में इसकी कीमत प्रति केएल 86352 था जो फरवरी में बढ़कर 91393 हो गया और मार्च में इसकी कीमत 96638 हो गई।

### बहुत ज्यादा असर नहीं

पश्चिम एशिया में तनाव के कारण जेट ईंधन की कीमतों में 85 प्रतिशत तक की वृद्धि के चलते फ्यूल चार्ज लिया जा रहा है। इसका बहुत ज्यादा भार यात्रियों पर नहीं होगा।

-**कीर्ति व्यास**, संचालक, व्यास हॉलीडेज



### फिलहाल यात्रियों की संख्या सामान्य

अभी स्कूल-कालेजों में परीक्षा का सीजन होने की वजह विमानों में यात्री सामान्य संख्या में उड़ान भर रहे हैं। इसकी वजह से तमाम रूटों का टिकट सामान्य जैसी स्थिति में है। चौबीस घंटे पहले भी बुक कराने पर टिकट दस हजार रुपए में मिल जा रहा है और दो से तीन दिन पहले टिकट लेने पर छह से आठ हजार रुपए ही खर्च करना पड़ रहा है। ट्रैवल्स कारोबारियों के मुताबिक यात्रियों की संख्या में वृद्धि अप्रैल के दूसरे पखवाड़े से नजर आएगी।

# फ्लाईट में सफर कर रही महिला के लगेज से सोने का हार चोरी

**रायपुर।** माना थाना में एक महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ लगेज से ढाई तोला सोने का हार चोरी करने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला राजस्थान, जोधपुर से दिल्ली होते हुए रायपुर पहुंची। पहुंचने के बाद उसने अपना बैग खोलकर चेक किया, तो बैग से सोने का जेवर गायब मिला। इस पर महिला शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंची। किरण मालू ने थाने में सोने का हार चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया है कि वह 12 मार्च को जोधपुर से दिल्ली होते हुए कनेक्टिंग फ्लाइट से रायपुर पहुंची। बाहर से बैग में किसी तरह की छेड़खानी का नहीं पता चल रहा है। पुलिस को आशंका है कि महिला के बैग से जोधपुर या दिल्ली एयरपोर्ट से हार चोरी होने की घटना हुई होगी। पुलिस स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच करने के बाद आगे की कार्रवाई तय करने की बात कह रही है।











## बिजनेस साइट

### इंडियन बैंक में अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन



**रायपुर।** इंडियन बैंक द्वारा 'भारतीय बैंकिंग व्यवस्था में प्रौद्योगिकी-संचालित परिवर्तन की भावी संकल्पनाएं' विषय पर अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री मालिनी अवस्थी, विशिष्ट अतिथि पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदू सिंह तथा डॉ. छबिल कुमार मेहेर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक ब्रजेश कुमार सिंह ने की। सम्मेलन के दौरान अखिल भारतीय अंतर-बैंक हिंदी निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं तथा राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अंचल कार्यालयों को सम्मानित किया गया। चार सत्रों में आयोजित इस सम्मेलन में राजभाषा कार्यान्वयन, तकनीकी नवाचार और डिजिटल टूल्स की उपयोगिता पर विस्तृत चर्चा की गई।

### चोकर धानी में आज होगा 'प्रभु कृपा दुख निवारण समागम'



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड-2 स्थित चोकर धानी (अग्रसेन धाम के पास) में 15 मार्च को सायं 4 बजे प्रभु कृपा दुख निवारण समागम का आयोजन किया जाएगा। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में अनंतश्री विभूषित जगद्गुरु महाब्रह्मर्षि कुमार स्वामी का पावन सान्निध्य रहेगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। समागम के लिए आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था, बड़े होर्डिंग्स, स्वागत द्वार और दिशा-निर्देश पट्टिकाएं लगाई गई हैं। आयोजक सेवा समिति के अनुसार आसपास के राज्यों से भी श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सेवादारों की तैनाती की गई है तथा लंगर प्रसाद की व्यवस्था भी रहेगी। आयोजकों ने बताया कि समागम में धार्मिक, सामाजिक व प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े कई प्रमुख लोगों के आने की संभावना है।





13
जगमगाते मंच पर 'सिंधियत जो मेलो' ...



## एजुकेशन अलर्ट

### दक्षिण मध्य रेलवे में अप्रेंटिसशिप 2801 पदों पर शुरू हुई भर्ती



**रायपुर।** रेलवे में सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए सुनहरा मौका है। साउथ सेंट्रल रेलवे में अप्रेंटिसशिप के बंपर पदों पर भर्ती के लिए आवेदन शुरू किये गए हैं। 10वीं के साथ आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी इस भर्ती में शामिल होने के लिए आरआरसी एससीआर की ऑफिशियल वेबसाइट scr.indianrailways.gov.in पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। आवेदन करने एवं फीस जमा करने की लास्ट डेट 11 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। भर्ती में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी का न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसके साथ ही अभ्यर्थी ने संबंधित ट्रेड में आईटीआई सर्टिफिकेट भी प्राप्त किया हो। अभ्यर्थी की न्यूनतम उम्र 15 साल से कम और अधिकतम आयु 24 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आरक्षित श्रेणी से आने वाले उम्मीदवारों को ऊपरी उम्र में नियमनुसार छूट दी जाएगी। ध्यान रखें कि आयु की गणना 11 अप्रैल 2026 को ध्यान में रखकर की जाएगी।

#### इस तरह भर सकते हैं आवेदन

आवेदन पत्र भरने के साथ अन्य सभी श्रेणी के उम्मीदवारों को 100 रुपए० का भुगतान करना होगा। एससी/ एसटी/ पीडब्ल्यूबीडी/ महिला अभ्यर्थी इस भर्ती में शामिल होने के लिए निशुल्क फॉर्म भर सकते हैं। आवेदन के लिए आवेदन करने के लिए सबसे पहले आधिकारिक पोर्टल **scr.onlineregister.org.in/login** पर विजिट करें। वेबसाइट के होम पेज पर न्यू यूजर/ रजिस्टर पर क्लिक करें और मांगी गई डिटेल भरकर पंजीकरण कर लें। रजिस्ट्रेशन के बाद अन्य डिटेल भरकर फॉर्म को पूरा करें। कैटेगरी के अनुसार फीस (यदि लागू हो) जमा करें। फॉर्म को सबमिट कर दें और भविष्य के सन्दर्भ के लिए एक प्रिंटआउट निकालकर सुरक्षित रख लें।

#### नर्सिंग ऑफिसर के पदों पर रजिस्ट्रेशन 16 तक

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की ओर से जारी भर्ती में आवेदन करने की अंतिम तिथि नजदीक है। जिन उम्मीदवारों ने अभी तक के लिए अप्लाई नहीं किया है। वे उम्मीदवार केवल 16 मार्च, 2026 तक ही आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती अभियान के तहत कुल 2551 उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। ऐसे में जो उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं। वे उम्ममीदवार एम्स ऑफिशियल वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय का प्रथम एलुमनी मीट प्रारंभ, जुटे सैकड़ों कृषि अभियंता

# 28 सालों के पूर्व छात्र लौटे अपने कॉलेज, कृषि उपकरणों की 97 नवीन तकनीकों और 32 पेटेंट का मना जश्न

*इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित स्वामी विवेकानंद अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय एल्युमिनाई मीट "एग्रीटेक मिलन-2026" में महाविद्यालय के सैकड़ों पूर्व छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस एल्युमिनाई मीट में छत्तीसगढ़ के अलावा देश के अन्य राज्यों से भी कई पूर्व छात्रों ने शिरकत की। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में पहली बार आयोजित इस एल्युमिनाई मीट में विगत 28 वर्षों में महाविद्यालय से उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस अवसर पर दो दिवसीय प्रौद्योगिकी प्रदर्शन मेला भी आयोजित किया गया, जिसमें कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय द्वारा विकसित विभिन्न किसानोपयोगी नवीन प्रौद्योगिकियां प्रदर्शित की गईं।*

**रायपुर।** एग्रीटेक मिलन-2026 का शुभारंभ इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने किया। समारोह की अध्यक्षता कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजय वर्मा ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रसंघ-2026 के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ भी दिलाई गई। एल्युमिनाई मीट का शुभारंभ करते हुए कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. चंदेल ने कहा कि आज यह एक ऐतिहासिक अवसर है, जब स्वामी विवेकानंद प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में पहली बार भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है।











### विभिन्न क्षेत्रों में सफल भूतपूर्व छात्र-छात्राएं हुए शामिल

एग्रीटेक मिलन-2026 समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में सफल भूतपूर्व छात्र-छात्राएं शामिल हुए, जिनमें अतुल पाठक, अधीक्षण अभियंता जल संसाधन विभाग उत्तराखण्ड, प्रीतेश राजपूत डिप्टी कलेक्टर जिला सक्ती छत्तीसगढ़, वंदना चुरेंद्र, निदेशक कोयतुर फिश फार्मिंग, प्रशांत सुब्रमण्यम, निदेशक कैप्स आइसक्रीम रायपुर तथा श्रेया जैन एसोसिएट मैनेजर बालको कोरबा प्रमुख हैं। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. आरती गुहे, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा, निदेशक शिक्षण डॉ. एके दवे, संचालक अनुसंधान डॉ. वीके त्रिपाठी, निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एसएस टुटेजा, अपर संचालक कृषि अभियांत्रिकी विभाग जीके पीढ़िया, प्रगतिशील कृषक बिसेश्वर साहू एवं डॉ. एमपी त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में प्राध्यापक डॉ. आरके नायक ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

### अब तक 97 नवीन प्रौद्योगिकी विकसित

समारोह की अध्यक्षता करते हुए स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजय वर्मा ने कहा कि महाविद्यालय में पहली बार एल्युमिनाई मीट का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत विगत 28 वर्षों में कृषि अभियांत्रिकी की पढ़ाई कर चुके भूतपूर्व विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। डॉ. वर्मा ने बताया कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में वर्ष 1997 में कृषि अभियांत्रिकी संकाय की स्थापना की गई थी, जिसके अंतर्गत एम. टेक पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए थे। वर्ष 2008 में शोध पाठ्यक्रम शुरू किए गए। वर्ष 2014 में स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय की स्थापना के साथ कृषि अभियांत्रिकी के क्षेत्र में विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए। डॉ. वर्मा ने बताया कि कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय द्वारा अब तक 97 नवीन प्रौद्योगिकी विकसित की गई है तथा 32 डिजाइन पेटेंट प्राप्त किए गए हैं।

## सिटी इवेंट

### जलवायु परिवर्तन की चुनौती, आधुनिक तकनीक और पारंपरिक ज्ञान के मेल से ही बचेगा पर्यावरण



**रायपुर।** दो दिवसीय छत्तीसगढ़ ग्रीन समिट-2026 का शनिवार को समापन हुआ। अंतिम दिन का समारोह पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित हुआ। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि वनमंत्री केदार कश्यप रहे। स्वागत उद्बोधन में पीसीसीफ वी. श्रीनिवास राव ने कहा कि यह ग्रीन समिट जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के विषय में एक अनूठी पहल है। उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों को पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियों पर विचार-विमर्श करने तथा सतत विकास के लिए नए समाधान तलाशने का अवसर मिला है। इसके बाद रविवि के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल ने कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लिए ज्ञान के आदान-प्रदान, अनुसंधान और नवाचार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

#### सतत विकास को अपनाना अत्यंत आवश्यक

मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ अपनी समृद्ध वन संपदा, आदिवासी संस्कृति और प्राकृतिक संसाधनों के लिए विशेष पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लिए सरकार, समाज और युवाओं को मिलकर कार्य करना। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव तेजी से हो रहे तकनीकी विकास के बीच जलवायु परिवर्तन आज विश्व की सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक बन गया है। बढ़ते ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन के कारण वैश्विक तापमान में वृद्धि, हिमनदों का पिघलना, समुद्र के जलस्तर का बढ़ना तथा पर्यावरणीय जोखिमों में निरंतर वृद्धि देखी जा रही है। इस संकट से निपटने के लिए पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक तकनीक के समन्वय के साथ सतत विकास को अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

#### जनजातीय जीवन पर मनमोहक चित्रकारी

इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, जल, जंगल और जमीन पर महत्वपूर्ण कार्य करने के लिए मान सिंह बघेल, शशिकला सिन्हा, बलदेव मंडावी, सुश्री मीतू गुप्ता को ग्रीन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यार्थियों ने जनजातीय कला, साहित्य, उनके जनजीवन पर मनमोहक चित्रकारी प्रस्तुत की, जिसके विजेता परम चक्रधारी, एल. वेंकट रम्मा राव, एकता दीवान, श्रेया भारद्वाज, अर्शी फरीदी रहे। कई स्थानों से आए कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, जनजातीय नृत्य व संगीत, वाद्ययंत्रों पर प्रस्तुति दी, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। साथ ही हथकरघा, छत्तीसगढ़ की पारंपरिक वेशभूषा तथा भित्ति चित्रों, छत्तीसगढ़ी आभूषण, हस्तशिल्प की झलक देखने को मिली। रक्षा, जागरूकता तथा सेवाभाव को दर्शाते भारतीय सेना के लगाए गए स्टॉल थे। अंत में सभी की सहभागिता से यह कार्यक्रम पूर्ण हुआ।

## मनोरंजक गेम्स के साथ किया एंजॉय गुजिया और ठंडाई का लिया आनंद

**रायपुर।** इनरव्हील क्लब रायपुर ग्रेटर द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब के 45 से अधिक सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस दौरान आयोजन की शुरुआत पारंपरिक ढंग से स्वागत के साथ हुई। इसके बाद होली के रंग और उल्लास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें सभी सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन स्थल को भी होली के रंगों और थीम के अनुरूप आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरे वातावरण में त्योहार की आनंदमयी छटा दिखाई दे रही थी।



#### होली के व्यंजनों ने बढ़ाया स्वाद

*कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों ने पारंपरिक होली व्यंजन खासकर गुजिया और ठंडाई का भी आनंद लिया। इस अवसर पर क्लब की पास्ट प्रेसिडेंट्स एवं क्लब इवेंट को-ऑर्डिनेटर्स शारदा सिंह, सोनिया नथानी तथा होस्ट मेंबर्स ने मिलकर कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्याओं में आईब्लू डिस्ट्रिक्ट पदाधिकारी रेखा जैन, अध्यक्ष गीता जेठानी, प्रज्ञा नायडू, रश्मि अग्रवाल, नम्रता सिंह, पुष्पा मालवीय, कमलजीत, नीरू अग्रवाल, कंचन, संध्या गेही तथा चंदा नागवंशी, अनीता बड़वानी, निकिता, नीति इत्यादि प्रमुख रूप से शामिल रहीं।*

## श्री अन्न फूड फेस्टिवल में छात्राओं को बताए मिलेट्स के फायदे

**रायपुर।** संत गोविंदराम शदाणी शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय में रूसा 2.0 के तहत 'श्री अन्न फूड फेस्टिवल' का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा, विशिष्ट अतिथि डॉ. अभया जोगलेकर और कृषि विश्वविद्यालय की प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. नीता खरे विशेष रूप से उपस्थित रहीं। प्राचार्य डॉ. उषा किरण अग्रवाल की अध्यक्षता में हुए इस आयोजन में कॉलेज के 'न्यूज लेटर' का विमोचन भी किया गया। मुख्य अतिथि श्री पुरंदर मिश्रा ने 'श्री अन्न' (मिलेट्स) का महत्व समझाते हुए कॉलेज के विकास के लिए 2 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने छात्राओं द्वारा बनाए गए मिलेट्स के पकवानों का खर्च भी स्वयं उठाने की बात कही। साथ ही उन्होंने छात्राओं को रात 10 बजे के बाद मोबाइल और इंस्टाग्राम बंद कर समय पर सोने की उपयोगी सलाह दी। तकनीकी सत्र में नोडल अधिकारी डॉ. अभया जोगलेकर ने पॉजिटिव, न्यूट्रल और नेगेटिव मिलेट्स के फायदे गिनाए और 'मिलेट वुमन' लहरी बाई की सक्सेस स्टोरी साझा की। वहीं, डॉ. नीता खरे ने 'मैजिकल मिलेट्स' पर व्याख्यान देते हुए बताया कि कोदो, रागी, बाजरा और ज्वार जैसे अनाज कम पानी में उगते हैं और प्रोटीन से भरपूर होते हैं। कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स के कारण ये मधुमेह (डायबिटीज) के मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. मीता अग्रवाल ने किया। इसमें रूसा प्रभारी डॉ. मनोज कुमार राव समेत कॉलेज के सभी प्राध्यापक और छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहीं।



रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

A VENUE THAT FEEDS Dreams and Delights to Your Guests
22 Rooms Fully Loaded with Modern Amenities
Deluxe Rooms - 11
Executive Balcony - 11
A PLACE THAT Compliments Your Events!
In-House Catering
In-House Decor
Pure Veg Restaurant (by india's best chef)
Banquet Hall Cap : 50 - 250 Person
Ample Number of Car Parking Space (150+ Car Park at a Time)
SHREEJI INN HOTEL
Restaurant-Banquet Hall
BANQUET HALL ROOMS CAFE & RESTAURANT BOARD ROOM
WE ORAGANISE : Marriage Functions,Corporate Events, Birthday Party, Kitty Party & More...
BOOKING NOW +91 93297 44444
Ring Road - 1, Infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur (C.G.)

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

दुकान एक कूलर अनेक
कूलर हाउस
आकाश जैन - 98261-64650,
रतन जैन - 98271-29211
सिटी कोतवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
Mango बिना आवाज कूलर 7 स्पीड BLDC
डक्टिंग कूलर, हॉल, वर्कशॉप, लॉन, मैरिज हॉल, किराया भंडार के लिये

GST रजिस्ट्रेशन नंबर बनवाएं मात्र 500/- में
2 साल पुरानी ITR फाईल बनवाएं मात्र 2000/- में
CMA DATA | प्रोजेक्ट रिपोर्ट | FOOD लाइसेंस | UDYAM-MSME | TDS रिफंड | Whatsapp पर बनवाएं
C-74 Sector 1, Devendra Nagar, Near Jubesta Hospital
Beside Adarsh School, Pandri, Raipur
संपर्क : शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

सिटी लाइव

## 'चंद्र जी रात' की प्रस्तुति आज रॉकस्टार्स सजाएंगे महफिल




**रायपुर।** सिंधी समाज चैत्र मास में चेट्रीचंड्र महोत्सव को यादगार बनाने वाला है। इस शुभ अवसर पर छग सिंधी सेवा महापंचायत का एक सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजन 15 मार्च को बीटीआई ग्राउंड शंकर नगर में होने जा रहा है, जो आने वाली पीढ़ी को सिंधु घाटी की सभ्यता एवं सिंधी संस्कृति की जानकारी देने एवं महिलाओं की भागीदारी तय करने, युवा वर्ग को समर्पित यह कार्यक्रम इतिहास रचने वाला है। यह जानकारी शनिवार को पत्रकारवार्ता में प्रवक्ता दिनेश अठवानी एवं पवन प्रीतवानी ने देते हुए बताया कि पूर्व में भी चंड्र जी रात का आयोजन 17 वर्षों से किया जाता रहा है। महापंचायत के संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी, सतीश थौरानी, अध्यक्ष अमर गिदवानी ने बताया कि यह आयोजन संतों के सानिध्य में होगा। इसमें साईं युधिष्ठिर लाल, संत साईं लालदास, अम्मा मीरा देवी सहित मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सपत्नीक, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा शामिल होंगे।

### शाम 6 बजे से रंगारंग आयोजन

*मुंबई के कॉमेडियन रॉकस्टार नील तलरेजा, स्वर कोकिला मंजूश्री आसुदानी, बेबी फ्रांसी, बेबी कशिश प्रस्तुति देने राजधानी आ रही हैं। गीत-संगीत के बीच आनंद मेले का लुत्फ लोग उठा सकेंगे। जहां सिंधी व्यंजनों की भरमार रहेगी। लजीज व्यंजनों में कढ़ी चावल, बेकरी आइटम, सिंधी पकौड़ा, पापड़, खीचा, सिंगर की मिठाई, दाल पकवान, ढेंस की सब्जी व पकौड़ा, फालूदा, शर्बत, माजून मिठाई, आर्टिफिशियल ज्वेलरी के भी स्टाल्स सजेंगे। वहीं सांस्कृतिक श्रृंखला में सभी कलाकारों को नजदीक से देखने व सुनने का अवसर लोगों को मिलेगा। सुविधा के लिए बीटीआई ग्राउंड में 15000 से 20000 लोगों के लिए बैठक व्यवस्था की गई है। सांस्कृतिक प्रोग्राम का शुभारंभ शाम 6 बजे किया जाएगा।*

छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के आयोजन का साक्षी बना समाज, छेरीखेड़ी स्थित होटल में कलाकारों ने जमाया रंग

# जगमगाते मंच पर 'सिंधियत जो मेलो' का रंगारंग आगाज

# सिंधी गीत-संगीत ने बांधा समां, दर्शक दीर्घा में झूमे युवा

जगमगाते मंच पर सिंधियत जो मेलो का रंगारंग आगाज शनिवार की देर शाम हुआ। सिंधी गीत-संगीत का जादू बिखेरने के लिए प्रसिद्ध सिंगर जतिन उदासी, मोहित लालवानी समेत कई चर्चित कलाकारों के ग्रुप को सामने देख युवा उत्साही और झूमने के लिए आतुर नजर आए। सिंधियत जो मेलो का भव्य आगाज करने के लिए सीएम विष्णु देव साय सहित मंत्री और विधायक भी छेरीखेड़ी स्थित हुकुम ललित महल पहुंचे। चेट्रीचंड्र के उपलक्ष्य में वरुणावतार भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव को लेकर समाज को उन्होने बधाई और शुभकामनाएं दीं। इसके बाद सिंधी गीत-संगीत का सिलसिला शुरू हुआ तो दर्शक दीर्घा में मौजूद युवा उत्साह में स्टेज के सामने झूमने लगे।







### कलाकारों संग सेल्फी लेने मची होड़

आयोजन को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के आसुदाराम वाधवानी, अमर पारवानी, महेश दरयानी, बलराम आहूजा, महेश रोहरा, रमेश मिरघानी, भरत बजाज, जीवतराम बजाज, कैलाश खेमानी की टीम जहां व्यवस्था की कमान संभाल रही थी। वहीं कलाकारों के साथ सेल्फी लेने की मची होड़ के बीच कैलाश बालानी, तनेश आहूजा, विकास रूपरेला, अनिल लाहोरी, गौरव मंधानी ने सुरक्षा के लिहाज से युवा कार्यकर्ताओं के साथ सहयोग किया। गीत-संगीत के साथ सिंधियत जो मेलो की श्रृंखला में स्टेज शो का सिलसिला रविवार को भी चलने वाला है।

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय सिंधियत जो मेलो का आयोजन का हिस्सा बनने के लिए हजारों की तादाद में समाजजन सपरिवार शाम ढलने से पहले ही पहुंचने लगे थे। प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया कि 14 एवं 15 मार्च को भव्य धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन पारंपरिक तरीके से हर साल की तरह समाज के लिए आयोजित किया गया है। कलाकार जतिन उदासी, मोहित लालवानी ने भव्य प्रस्तुति दी। इस श्रृंखला में मोहित लालवानी ने जेको खटी आयो खैर सां... होजमालो, दमा दम मस्त कलंदर..., जैसे गीतों की प्रस्तुति के बाद तुम प्रेम हो तुम प्रीत हो राधे... जैसे फेमस भजन और गानों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। वहीं लोकनृत्यों पर सभी समाजजन झूमते और अवसर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने उत्साहित नजर आए। जतिन उदासी ने ओ लाल मुहिंजी पत रखियो भला झूलेलालण और जिए मुहिंजी सिंध मां त घोरयां पहिंजी जिंद...जैसे सिंधी लोकगीतों पर धूम मचाई।

### अग्रणी भूमिका निभाने के लिए साधुवाद के पात्र

इससे पहले आयोजन की शुरुआत भगवान झूलेलाल की मूर्ति के समक्ष आरती के साथ की गई। आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल हुए। उन्होंने सिंधी समाज को पुरुषार्थी बताते हुए कहा कि सिंधी समाज ने न सिर्फ धर्म और संस्कृति, बल्कि समाजसेवा तथा व्यापार के क्षेत्र में भी नए-नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। यह साबित किया है कि सिंधी समाज व्यापार के साथ-साथ समाजसेवा व मानव सेवा में भी अग्रणी है। आज यहां का आयोजन सिंधी समाज की सामाजिक और सांस्कृतिक समरसता को भी दिखाता है। पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत इस तरह के सामाजिक व सांस्कृतिक आयोजन के साथ समाज में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए साधुवाद की पात्र है।



### सिंधी व्यंजनों के सजे स्टाल्स पर रही रौनक

सिंधी समाज को पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद मिले, इसके लिए स्टाल्स भी सजाए गए थे। जहां सिंधी व्यंजनों में सिंधी कढ़ी चावल, साई भाजी, कोकी, दाल-पकवान, आलू टुक और बीह (कमल ककड़ी) की सब्जी का स्वाद लिया। इनके अलावा, सिंधी पुलाव, कटलेट, सेल ब्रेड, गुलाब जामुन और सिंधी चूड़ी जैसे व्यंजनों का स्वाद आयोजन का हिस्सा बनने के लिए पहुंचे समाज के लोगों ने लिया। इस वजह से लोगों की सुविधा के लिए सजाए गए स्टाल्स पर रौनक रही। इसमें हर वर्ग के लोगों ने व्यंजनों का स्वाद लेने में रुचि दिखाई।



## खबर संक्षेप

### एफएसएसएआई ने किया नियम में बदलाव

रायपुर। जिला दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष विनय कृपलानी सचिव संजय रावत उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी अश्विनी विग ने एफएसएसआई के नियमों में किये बदलाव का स्वागत किया है इससे छोटे दवा व्यापारियों को राहत होगी। अब तक बेसिक फूड रजिस्ट्रेशन के अंतर्गत कार्य करने की व्यापार लिमिट 12 लाख प्रति वर्ष थी। इसे एक अप्रैल से बढ़ाकर 1.50 करोड़ प्रति वर्ष कर दी गई है। अब तक 12 लाख प्रतिवर्ष से अधिक का फूड का कारोबार होने से पूर्ण फूड लायसेंस लेना आवश्यक होता था। अब डेढ़ करोड़ तक केवल फूड रजिस्ट्रेशन ही काफी होगा। डेढ़ करोड़ के ऊपर फूड लायसेंस की आवश्यकता होगी। लायसेंस रिनीवल के नियमों को भी शिथिल किया गया है। अब फऊड लायसेंस तथा पंजीनय लगातार मान्य होगी।

### कर्मा जयंती पर हर घर का आंगन दीप और रंगोली से सजेगा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक भामाशाह छात्रावास टिकरापारा में हुई। डॉ साहू ने बताया की बैठक में समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए आगामी प्रदेश स्तरीय कर्मा जयंती के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई, साथ ही समाज के पारिवारिक सर्वे अभियान तेजी लाने का निर्णय लिया है। प्रदेश संयुक्त सचिव प्रदीप साहू ने बयान जारी कर बताया कि प्रदेश संघ की बैठक में आगामी प्रदेश स्तरीय कर्मा जयंती को भव्य और उत्साहपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया है। समाज के लोगों से अपील की गई है कि 15 मार्च कर्मा जयंती के दिन प्रत्येक घर के आंगन में दीप प्रज्वलित कर एवं रंगोली सजाकर इस पर्व को मनाए, ताकि समाज की एकता, संस्कृति और परंपरा को और अधिक मजबूत किया जा सके। साहू समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मा जयंती केवल एक पर्व नहीं, बल्कि समाज की आस्था, परंपरा और एकजुटता का प्रतीक है, जिसे पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा।

# बिरगांव निगम को डिप्टी सीएम साव ने दी 53 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

बिरगांव निगम क्षेत्र के बुधवारी बाजार में नगरीय प्रशासन मंत्री एवं डिप्टी सीएम अरुण साव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल और ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू के साथ महापौर नंदलाल देवांगन की मौजूदगी में 53 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात देते हुए भूमिपूजन किया। इस अवसर पर भारी तादाद में विभिन्न वार्डों के रहवासी, पार्षदों सहित निगम के नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश साहू ने मंच साझा किया। शनिवार को नगरीय प्रशासन मंत्री ने विविध कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। निगम क्षेत्र में विविध विकास कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण के दौरान देवांगन समाज धर्म प्रचार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व नेता प्रतिपक्ष भीखम लाल देवांगन ने उरला क्षेत्र में ऑक्सीजोन बनाने की मांग विभागिय मंत्री के समक्ष रखी। इस संबंध में कार्यक्रम के दौरान भीखम लाल देवांगन ने उरला में सरकारी जमीन की उपलब्धता की जानकारी दी। इस दौरान बिरगांव निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वाशा सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

### गार्डन, सड़क सहित 1.81 करोड़ की नई सुविधाओं का किया लोकार्पण



### नई सुविधा बढ़ाने पर दिया जोर

डिप्टी सीएम ने क्षेत्र की जनता के बीच नई सुविधा बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही लोगों के लिए नवनिर्मित सड़क और आरटीओ आफिस के पास गार्डन का लोकार्पण किया। विकास से जुड़ी नई सुविधाओं में बिरगांव नाला निर्माण, सड़क, पुल-पुलिया, पेयजल की सुविधा सहित आंगनबाड़ी भवन, सामाजिक भवन, रंगमंच जैसे कई निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 18 महीने की समय अवधि में पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना के तहत 4 हितग्राहियों को 32850 रुपए की प्रोत्साहन राशि का वितरण किया।

## 17 को कांग्रेस करेगी विधानसभा का घेराव

# गैस की किल्लत से राहत देने के बजाय झूठ बोल रही भाजपा

सरकार का दावा गैस की आपूर्ति सामान्य, कांग्रेस ने पूछा फिर भी लाइन क्यों?

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, प्रदेश के सभी जिलों में गैस की किल्लत शुरू हो गयी है। आम आदमी परेशान हो रहा है। गैस एजेंसियों के सामने लंबी-लंबी कतारें लगी हुई हैं। गैस कंपनियों के बुकिंग नंबर लगभग बंद हैं, सर्वर का बहाना बनाकर बुकिंग लेना बंद कर दिया गया है और सरकार जमीनी हकीकत को मानने को तैयार नहीं है। भाजपा की तरफ से बयानबाजी करके कहा जा रहा कि गैस की किल्लत नहीं है, कांग्रेस भ्रम फैला रही है।

संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, सरकार अखबारों में और सोशल मीडिया में विज्ञापन देकर दावा कर रही है कि गैस की आपूर्ति सामान्य है। फिर एजेंसियों में भीड़ क्यों है? बुकिंग लेना बंद क्यों किया गया है? आम आदमी को शौक लगा है कि वह अपना काम धाम छोड़कर एक सिलेंडर लेने के लिए घंटों लाइन में खड़ा है। सरकार ने अचानक कमर्शियल गैस की सप्लाई क्यों बंद कर दी? कमर्शियल गैस की सप्लाई अघोषित तौर पर रोक देने से घरेलू गैस सिलेंडरों का दुरुपयोग होगा, कालाबाजारी होगी और होटल व्यवसाइयों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा, जिससे कुक्ड फूड के दाम भी प्रभावित होंगे। राजधानी के लगभग आधे रेस्टोरेंट गैस की किल्लत के कारण बंद होने की स्थिति में है।




### देश में तीन क्रूड ऑयल और गैस भंडारण केंद्र, यूपीए सरकार में बने

देश में 12 सालों में मोदी की सरकार ने क्रूड ऑयल और गैस भंडारण के लिए एक भी भंडार नहीं बनाये। देश में इस समय कुल 3 भंडारण केंद्र है, पहला विशाखापट्टनम, दूसरा मंगलुरू कर्नाटका, तीसरा पेडूर कर्नाटका इसका निर्माण भी यूपीए सरकार ने कराया। देश की कुल तेल और गैस भंडारण क्षमता 5.33 मिलियन टन है। यह भंडारण केंद्र इसलिए बनाये जाते है ताकि युद्धकाल में, संकट काल में अंतराष्ट्रीय बाजार में कीमतें बढ़ने का प्रभाव देश पर न पड़े। आज देश में गैस का संकट है तो इसके पीछे मोदी सरकार की लापरवाही है।

### 17 को कांग्रेस करेगी विधानसभा का घेराव

कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने बताया कि कांग्रेस 17 मार्च को विधानसभा का घेराव करेगी। मनरेगा बचाओ संग्राम तथा प्रदेश के स्थानीय मुद्दो बिजली के दाम में बढ़ोत्तरी, किसानो से धोखा, धान खरीदी पर वादा खिलाफी, गैस सिलेंडर के दामों की बढोत्तरी जैसे मुद्दो को लेकर कांग्रेस विधानसभा का घेराव करेगी। कार्यक्रम में प्रदेश के प्रभारी महासचिव सचिन पायलट सहित राज्य के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, पदाधिकारी सहित आम आदमी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। शंकर नगर केनाल रोड पर भारत माता चौक से कांग्रेसी दोपहर 12 बजे विधानसभा की ओर कूच करेंगे।

### महिला कांग्रेस का आरोप- मोदी की अदूरदर्शिता के कारण परेशानी में देश

राजीव भवन में महिला कांग्रेस ने देश के वर्तमान गैस संकट पर मोदी सरकार को घेरा। प्रदेश कांग्रेस की प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजराइल का दौरा किया, वहां जाकर इजराइल को फादर बताया और उसने प्रधानमंत्री मोदी के भारत लैंड करने से पहले ही एक युद्ध छेड़ दिया। अमेरिका, इजराइल, ईरान, इनके बीच में आज हिंदुस्तान भी उस आग में जल रहा है। पूरे देश में त्राहिमाम हो चुका है। प्रदेश कांग्रेस की प्रवक्ता वंदना राजपूत एवं महिला कांग्रेस की प्रवक्ता प्रगति वाजपेयी ने संयुक्त पत्रकार वार्ता में कहा, आज देश के महिलाओं की रसोई प्रधानमंत्री की अदूरदर्शिता के कारण सूना पड़ा है। प्रधानमंत्री आप तो महान वैज्ञानिक है, आप नाली से गैस बनाने की टैक्नालॉजी जानते है, समय आ गया है कि आप अपनी नाले से गैस बनाने की टैक्नालॉजी को जनता के सामने रखे। देश को इस गैस की संकट से छुटकारा दिलाये। प्रधानमंत्री से न देश संभल रहा और न ही उनसे देश की व्यवस्था संभल रही है और न ही विदेश नीति संभल पा रहे है।



**एपस्टीन फाइल में नाम, चल रही ब्लैकमेलिंग :** प्रदेश कांग्रेस की प्रवक्ता प्रगति वाजपेयी ने कहा, पूरा देश ट्रंप बंदी का शिकार है। वह बंदी, वो गुलाम किसी और को नहीं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ट्रंप ने बना दिया। उसके पीछे कारण सिर्फ एक है कि एपस्टीन फाइल में प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम आना है। हरदीप पुरी ने माना है कि उनकी मुलाकातें पीडोफाइल एपस्टीन से हुई। 64 से अधिक मेल पर उनकी वार्ता हुई है। सिर्फ उसी का डर दिखाया जा रहा है। ब्लैकमेलिंग चल रही है और इसलिए हमारे नेता राहुल गांधी सहित सब कह रहे है कि पीएम इस काम्प्रोमाइज्ड।

# जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत राज्य को करना होगा केंद्र से एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल की अध्यक्षता में हुई वर्चुअल बैठक में शामिल हुए। बैठक में जल जीवन मिशन की प्रगति, क्रियान्वयन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू नल कनेक्शनों की समीक्षा के साथ ही जल जीवन मिशन 2.0 की जानकारी दी गई। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों ने बैठक में जानकारी दी कि जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत सभी राज्यों को भारत सरकार के साथ एमओयू करना होगा। भारत सरकार द्वारा सुझाए गये बिन्दुओं को समाहित कर संशोधित ओएंडएम नीति लागू करनी होगी। इसके बाद ही भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत राशि जारी की जाएगी। नई दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से आयोजित बैठक में केन्द्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना तथा विभिन्न राज्यों के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री और ग्रामीण विकास मंत्री भी मौजूद थे। साथ ही मिशन के अंतर्गत स्वीकृत सभी योजनाओं की डिजिटल एसेट रजिस्ट्री सुजलम भारत मोबाइल एप के माध्यम से सुजल गांव आईडी जनरेट किया जाना होगा तथा योजनाओं का फाइनेंशियल रिकॉन्सिलिएशन भी किए जाने की अनिवार्यता होगी। इन प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के बाद ही भारत सरकार द्वारा मिशन के तहत योजनावार राशि जारी की जाएगी।

- केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय की वीसी में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव

### जल जीवन मिशन की समीक्षा

बैठक में जल जीवन मिशन की प्रगति, उसके प्रभावी क्रियान्वयन तथा हर घर तक नल से स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न राज्यों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। घरेलू नल जल कनेक्शनों की प्रगति, ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति, पेयजल योजनाओं के संचालन में आ रही चुनौतियों तथा उनके समाधानों पर भी इस दौरान चर्चा की गई। बैठक में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री मंत्रालय द्वारा जल जीवन मिशन 2.0 की केंद्रीय कैबिनेट से अनुमोदन एवं उसकी शर्तों के बारे में सभी राज्यों को अवगत कराया गया।

### मल्टी-विलेज योजनाओं राशि जारी करने का आग्रह

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने बैठक में बताया कि छत्तीसगढ़ द्वारा जल जीवन मिशन की योजनाओं के लिए राज्यांश के रूप में 3426 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि जारी की गई है। उन्होंने इसके समतुल्य केंद्रांश की राशि प्राथमिकता से जारी करने का अनुरोध किया। भारत सरकार द्वारा एकल ग्राम योजनाओं के लिए प्राथमिकता के आधार पर राशि जारी करने का निर्णय लिया गया है। श्री साव ने इसमें आंशिक संशोधन करते हुए मल्टी-विलेज योजनाओं के लिए भी प्राथमिकता के आधार पर राशि जारी करने का आग्रह केंद्र सरकार से किया।


मेनचेस्टर होम केयर सर्विस
मेडिकल इक्युपमेंट रेन्टल
एण्ड केयर टेकर नर्स सर्विस
ऑक्सिजन मशीन व सिलेण्डर
पेसेन्ट मॉनिटर
वेंटिलेटर
नर्स एवं केयर टेकर
आपके घर का हेल्थ केयर पार्टनर
भक्त शिरोमणि माता कर्मा जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं...
8889702488
8225801507
छत्तीसगढ़
Dr Pradeep Kumar sahu


CG AUTO MALL INDIA
सभी प्रकार के वाहनों की खरीदी बिक्री के लिए एक विश्वसनिय स्थान
भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भक्त
माता कर्मा जयंती
की समस्त प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
निखिल साहू
प्रियेश देवांगन
Ring Road No.1, Beside Of Global Hospital, DDU Nagar Raipur
9399875345, 9589912338, 9340984340


SunGo Power
भक्ति, सेवा एवं समर्पण की प्रतिभूति
भगवान श्रीकृष्ण की
अनन्य उपासक भक्त शिरोमणि
माँ
कर्मा देवी जी
की जयंती पर
उन्हें शत-शत नमन
GULSHAN KUMAR SAHU
INFRONT OF MMR HOSPITAL, C 103, KAMAL VIHAR, SECTOR 9, SECTOR 8 A, RAIPUR
CALL : 88899 30047


NS DEVELOPERS
A Trusted Real Estate Company
भक्त शिरोमणि
माता कर्मा
जयंती की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती सरोज साहू
नरहरि साहू
रायपुर के प्राईम लोकेशन में डायवर्टेड टीएनसी एवं रेरा से एप्रूव्ड, आवासीय, कॉमर्शियल मॉल, मकान, प्लॉट उपलब्ध है...
76929 99909
89628 09909



SAHU R.T.O.
R.T.O. and Insurance advisor
भक्त शिरोमणि
माता कर्मा
जयंती की हार्दिक
शुभकामनाएं...
Services:-
Two wheeler Insurance
Four wheeler Insurance
Commercial vehicle
Insurance
Advice For :-
How to Make New
Driving Licences
How to renew
Old Licences
How to Transfer
Vehicle Owner Name
How to Issue RC Copy
How to claim for
Insurance
MAIN ROAD MANDIR HASOD RAIPUR (C.G.)
Mob.9165909332, 9753006701, 8719860332
E-Mail: ugeshir@gmail.com



भक्त माता
कर्मा जयंती
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं...


सभी प्रदेशवासियों को
भक्त शिरोमणि
माता कर्मा
जयंती की
हार्दिक
शुभकामनाएं
फिल्म जोहार छत्तीसगढ़ प्रोड्यूसर अभिनेता
सुपर स्टार राज साहू जी
प्रदेश संगठन मंत्री,
छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना
गैर राजनीतिक संगठन


भक्त शिरोमणि
माता कर्मा जयंती की
हार्दिक शुभकामनाएं...
ASHA
PRIDE CITY
K.L.SAHU
PCGRERA 121021001281
A RIGHT CHOICE FOR YOUR BIG DREAMS
अपना मकान, अपना प्लॉट,
अपने बजट में...
Amleshwar, Patan Road,
Raipur (C.G.)
98271-16968
98980-03682




साहू समाज की कुलदेवी
भक्त माता कर्मा
जयंती
की आप सभी को हार्दिक
शुभकामनाएं
आपका अपना
डॉ. लालजी साहू
ज्ञानदीप विद्या मंदिर बिरगाँव / उरला


SADGURU Automobiles
YOKOHAMA
भक्ति, सेवा एवं समर्पण की प्रतिभूति
भगवान श्रीकृष्ण की
अनन्य उपासक भक्त शिरोमणि
माँ
कर्मा देवी जी
की जयंती पर
उन्हें शत-शत नमन
मां कर्मा आप सबसे जीवन में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली लाएं, यही प्रार्थना है।
महेश साहू
Sadguru Automobiles, Ground Floor, D.D Nagar, Ring Road No. 01, Raipura Chowk, Raipur, Chhattisgarh, 492002
Mobile No. 9179719138, 9826619008


Print Media
Flex Printing
Outdoor Activity
maa
AD AGENCY
MULTICONCEPT ADVERTISING AGENCY
Electronic Media
Offset Printing
Radio ADS
नीरज शर्मा
संदीप सिंह सिकरवार
MANJEET TOWER RAIPURA CHOWK, RAIPUR
+91 78691 87165, +91 79743 51591


संतोष साहू
पार्षद एवं एम.आई.सी सदस्य
नगर पालिक निगम रायपुर
सीमा संतोष साहू
जिलाध्यक्ष
महिला मोर्चा भाजपा
साधना प्रमोद साहू
पार्षद एवं जोन अध्यक्ष क्र.3
नगर पालिक निगम रायपुर
प्रमोद साहू
पूर्व पार्षद एवं जोन अध्यक्ष क्र.3
नगर पालिक निगम रायपुर
गोपी साहू
पूर्व जिला उपाध्यक्ष
भाजपा रायपुर
गोपेश साहू
पार्षद एवं जोन अध्यक्ष क्र. 9
नगर पालिक निगम रायपुर
भोला साहू
पार्षद एवं एम.आई.सी सदस्य
नगर पालिक निगम रायपुर
अजय साहू
पार्षद
रायपुर नगर पालिक निगम
मोहन साहू
पार्षद
रायपुर नगर पालिक निगम
सोहन साहू
पार्षद
रायपुर नगर पालिक निगम
रोहित साहू
पूर्व पार्षद
रायपुर नगर पालिक निगम
भूषण साहू
अध्यक्ष
साहू समाज महामाया परिक्षेत्र
रामबगस साहू
पूर्व उपाध्यक्ष
शहर जिला साहू संघ
जयंत साहू
पार्षद प्रतिनिधी
रायपुर नगर पालिक निगम
छगन साहू
संयुक्त सचिव
साहू समाज महामाया परिक्षेत्र
मंगतू साहू
वार्ड अध्यक्ष
साहू समाज क्र. 50
ललित साहू
पूर्व युवाप्रकोष्ठ अध्यक्ष
शहर जिला साहू संघ
प्रवीण साहू
कार्या. अध्यक्ष
साहू समाज क्र. 54
लीलाधर साहू
कार्या. अध्यक्ष
शहर जिला साहू संघ
के.के.साहू
उपाध्यक्ष
शहर जिला साहू संघ
तोषण साहू
पूर्व संयुक्त सचिव
शहर जिला साहू संघ
दीपक साहू
मीडिया प्रभारी
शहर जिला साहू संघ
राजेश साहू
अनुराग साहू
महासचिव
शहर जिला साहू संघ युवाप्रकोष्ठ
निमिष साहू
मैकमिलन साहू
1010वीं
भक्त शिरोमणि कर्मा जयंती
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
माता कर्मा का महाआरती
सायं 5 बजे
ऋषि साहू
उपाध्यक्ष
शहर जिला साहू संघ रायपुर
दिलीप साहू
प्रभारी
रायपुर दक्षिण शहर जिला साहू संघ